एम.पी.ए.

# एम.ए (लोक प्रशासन)

## प्रथम वर्ष

## सत्रीय कार्य

## 2023—24

एम.ए लोक प्रशासन प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए

जुलाई 2023 और जनवरी 2024 सत्रों के लिए

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ

इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# सत्रीय कार्य
## 2023.2024

प्रिय विद्यार्थी,

आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम में एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य अनिवार्य हैं। प्रत्येक सत्रीय कार्य पूरे पाठ्यक्रम पर आधारित है।

सत्रीय कार्य के सभी प्रश्नों के उत्तर आप अपने शब्दों में दें। यह अत्यंत आवश्यक है कि प्रश्न का उत्तर जितने शब्दों में देने के लिए कहा जाए उसका उत्तर लगभग उतने ही शब्दों में दीजिए।

सत्रीय कार्य पूरा करने के बाद आप इसे अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास जमा करें। सत्रीय कार्य जमा करने के बाद इसकी पावती अवश्य प्राप्त कर लें और इसे अपने पास संभाल कर रख लें। अच्छा हो कि आप अपने सत्रीयकार्यों के उत्तर की फोटोकॉपी भी अपने पास रख लें।

सत्रीय कार्यों के उत्तर जाँचने के बाद जाँचे गये उत्तर अध्ययन केन्द्र से आपको लौटा दिए जाएँगे। आप इसकी माँग अवश्य करें। अध्ययन केन्द्र आपके द्वारा प्राप्त अंक विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू, दिल्ली को भेज देगा। इसे आपके ग्रेड कार्ड में शामिल कर लिया जाएगा।

**सत्रीय कार्य जमा करना**

आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सत्रांत परीक्षा देने से पहले आप सत्रींय कार्य अवश्य जमा करा दें। इसलिए आपको यह सलाह दी जाती है कि आप इसे दी गई अवधि के भीतर पूरा कर लें। एम.ए. प्रथम वर्ष में आपको कुल मिलाकर 4 सत्रीय कार्य करने हैं। सभी सत्रीयकार्यों की जमा करने की अंतिम तारीख में आपको काफी समय दिया गया है लेकिन आपको हम यह सलाह देना चाहते हैं कि आप अपने पाठ्यक्रम के अध्ययन के साथ.साथ इसे बारी बारी से पूरा करते चलें और इसी हिसाब से आप उसे जमा भी करते जाएँ ताकि आपको अंक, परामर्शदाता की टिप्पणी और मूंल्यांकित सत्रीय कार्य मिलते रहें। सुनियोजित ढंग से योजना बनाकर आप निर्धारित अवधि के भीतर अपने सारे सत्रीय कार्य पूरे कर सकते हैं। सभी सत्रीयकार्यो ं को जमा करने के लिए अंतिम तारीख का इंतजार नहीं करें क्योकि एक ही साथ सारे सत्रीयकार्यों को हल करना आपके लिए मुश्किल हो जाएगा।

सत्रीय कार्य जमा करना

| सत्र | सत्रीय कार्य जमा करने की तारीख | सत्रीय कार्य जमा करने का स्थान |
|---|---|---|
| जुलाई 2023 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए<br>जनवरी 2024 सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए | **30 अप्रेल 2024**<br>**31 अक्टूबर 2024** | अपने अध्ययन केन्द्र के संयोजक के पास |

सवालों का जवाब देने से पहले नीचे दिए गए निर्देशो ं को ध्यानपूर्वक पढ़िएः

**सत्रीय कार्य के लिए निर्देश**

इन सत्रीय कार्यों में दो तरह से सवाल पूछे जाएँगेः
1) प्रत्येक विवरणात्मक और निबंधात्मक प्रश्नों का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना होगा और प्रत्येक प्रश्न के लिए 20 अंक निर्धारित होंगे।

2) प्रत्येक लघु श्रेणी प्रश्नों का उत्तर लगभग 250 शब्दों में देना होगा और प्रत्येक प्रश्न के लिए 10 अंक निर्धारित होंगे।

निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखने से आपके लिए उत्तर देना आसान होगाः
**क) नियोजन** : सत्रीय कार्यों को ध्यान से पढ़िए। उन इकाइयों को ध्यान से पढ़िए जिनसे ये सवाल पूछे गए हैं। प्रत्येक सवाल का जवाब देने के लिए कुछ प्रमुख बिन्दुओं को अलग से लिख लें आ ैर इन्हें तार्किक ढंग से फिर से व्यवस्थित कर लें।

**ख) चयन** : अपने जवाब की रूपरेखा बनाते समय जरूरी बातों का ही उल्लेख करें। उत्तर को विश्लेषणात्मक बनाएँ। निबंधात्मक प्रश्न में प्रस्तावना और निष्कर्ष अवश्य शामिल करें। प्रस्तावना के अन्तर्गत उत्तर के प्रमुख पक्षों को प्रस्तुत करें और यह बताएँ कि आप इस सवाल का जवाब किस तरह से द`ने जा रहे हैं। अपने उत्तर के उपसंहार में मुख्य बिन्दुओं का सार भी दें।

उत्तर देते वक्त इस बात का ध्यान रखें किः

- आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत हो,
- वाक्यों और अनुच्छेद के बीच स्पष्ट संब ंध हो,
- आपकी शैली, अभिव्यक्ति और प्रस्तुति के साथ.साथ आपके उत्तर भी सही हों
- यह चेष्टा करें कि आपके उत्तर शब्द सीमा से अधिक न हों।

**क) प्रस्तुति** : जब आप संतुष्ट हो जाएँ तो सत्रीय कार्यजमा करने से पहले इसे साफ.साफ लिख लें। जिन

बिंदुओं पर आप बल देना चाहते हैं उन्हें रेखांकित भी कर सकते हैं।

**घ) व्याख्या** : इतिहास लेखन में व्याख्या एक निंरतर प्रक्रिया है। यह आपकी योजना और चयन में पहले ही अभिव्यक्त हो चुका है। "हो सकता है", "संभव है", "हो सकता था", आदि जैसी व्याख्यात्मक टिप्पणियाँ खुद बखुद लेखन में व्याख्या के तथ्य शामिल कर लेती हैं। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि इस प्रकार की टिप्पणियों के साथ.साथ आपके उत्तर में इसे पुष्ट करने वाले तथ्य भी शामिल होने चाहिए।

**एम.पी.ए–011 राज्य, समाज और लोक प्रशासन**

**अध्यापक जांच सत्रीय कार्य**

**पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-011**

**सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2023–जनवरी– 2024**

**पूर्णांक : 100**

इस सत्रीय कार्य में खंड क और खंड ख शामिल हैं। प्रत्येक खंड में पाँच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग 500 शब्दों में देने हैं। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

**खंड – क**

1) राज्य के स्वरूप पर बदलते दृष्टिकोण की संक्षेप में चर्चा कीजिए। 20

2) वैश्वीकरण के युग में नव–उदारवादी राज्य की भूमिका का परीक्षण कीजिए। 20

3) सूचना के अधिकार के विशेष संदर्भ में लोगों के संघर्षों के महत्व का वर्णन कीजिए। 20

4) नागरिक–प्रशासन (अंतरापृष्ठ) के लिए संस्थागत व्यवस्थाओं और कार्यनीतियों का विश्लेषण कीजिए। 20

5) भारत के समक्ष मुद्दों की जांच कीजिए। 20

**खंड – ख**

6) भारत में नौकरशाही की भूमिका का परीक्षण कीजिए। 20

7) विकासशील देशों पर वैश्वीकरण के प्रभाव की चर्चा कीजिए। 20

8) लोक प्रशासन के अंतर्राष्ट्रीयकरण की अवधारणा की व्याख्या कीजिए। 20

9) न्यायिक प्रणाली के अंतर्गत किस प्रकार के सुधारों को अपनाया गया है? 20

10) नागरिक समाज के समक्ष चुनौतियों को विस्तृत कीजिए।

# एम.पी.ए.-012 प्रशासनिक सिद्धांत

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-012**

**सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2023–जनवरी– 2024**

**पूर्णांक : 100**

इस सत्रीय कार्य में खंड क और खंड ख शामिल हैं। प्रत्येक खंड में पाँच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक) लगभग 500 शब्दों में देने हैं। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

## खंड – क

1) लोक प्रशासन के महत्व की चर्चा कीजिए। 20

2) प्रशासन के सामान्य सिद्धांतों की व्याख्या कीजिए। 20

3) नौकरशाही के सिद्धांत में वेबर के योगदान का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 20

4) एल्टन मेयो के हॉथोर्न प्रयोगों पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

5) एक संगठन की संरचना का वर्णन कीजिए। 20

## खंड – ख

6) मास्लो के आवश्यकता पदानुक्रम सिद्धांत का परीक्षण कीजिए। 20

7) डगलस मैकग्रेगर की थ्योरी 'X' और थ्योरी 'Y' की विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 20

8) संगठनात्मक संस्कृति की अवधारणा और घटकों पर चर्चा कीजिए। 20

9) राजनीति के पद्धतिगत व्यक्तिवाद, तर्कसंगतता और आर्थिक विश्लेषण पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

10) नव लोक प्रबंधन परिप्रेक्ष्य के प्रभाव की चर्चा कीजिए। 20

# एम.पी.ए.-013 सार्वजनिक प्रणाली

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

**पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-013**
**सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2023–जनवरी– 2024**
**पूर्णांक : 100**

इस सत्रीय कार्य में खंड I और II हैं। प्रत्येक खंड में पांच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

### खंड – I

1) लोक प्रणाली प्रबंधन की अवधारणा की व्याख्या कीजिए और इसकी विशेषताओं को उजागर कीजिए। 20

2) 'आर्थिक कारक लोक प्रणालियों की प्रकृति, संगठन और कार्यप्रणाली को प्रभावित करते हैं' विस्तृत कीजिए। 20

3) शासन के विभिन्न मॉडलों का वर्णन कीजिए। 20

4) नौकरशाही और राजनीतिक कार्यपालिका के बीच संबंधों के मॉडलों की चर्चा कीजिए। 20

5) न्यायिक सक्रियता के क्षेत्रों का परीक्षण कीजिए। 20

### खंड – II

6) रणनीतिक प्रबंधन की अवधारणा और दृष्टिकोणों का वर्णन कीजिए। 20

7) सूचना प्रणाली के प्रबंधन की विशेषताओं और संरचना पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

8) कार्य मापन की महत्वपूर्ण तकनीकों पर चर्चा कीजिए। 20

9) शासन में नेटवर्किंग और अंतर–संस्थागत समन्वयता के महत्व की जांच कीजिए। 20

10) परिवर्तन प्रबंधन के मॉडलों का विश्लेषण कीजिए। 20

# एम.पी.ए.–14 : मानव संसाधन प्रबंधन

## अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम कोड : एम.पी.ए.-014
सत्रीय कार्य कोड : ए.एस.टी./टी.एम.ए./जुलाई 2023–जनवरी– 2024
पूर्णांक : 100

इस सत्रीय कार्य में खंड I और II हैं। प्रत्येक खंड में पांच प्रश्न हैं। आपको कुल पांच प्रश्नों का उत्तर देना है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में होना चाहिए। प्रत्येक खंड से कम से कम दो प्रश्नों का उत्तर देना आवश्यक है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

## खंड – I

1) रणनीतिक मानव संसाधन प्रबंधन के महत्वपूर्ण मॉडलों पर संक्षेप में एक टिप्पणी लिखिए। 20

2) निष्पादन मूल्यांकन की विधियों का वर्णन कीजिए। 20

3) पारिश्रमिक नियत करने के सिद्धांतों की चर्चा कीजिए। 20

4) विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं का परीक्षण कीजिए। 20

5) पुनर्तैनाती को परिभाषित कीजिए और इसके मार्गदर्शक सिद्धांतों और प्रमुख मुद्दों का विश्लेषण कीजिए। 20

## खंड – II

6) सीखने की प्रक्रिया में दृष्टिकोणों और तत्वों पर चर्चा कीजिए। 20

7) क्षमता निर्माण क्या है? इसके उद्देश्यों और महत्व की चर्चा कीजिए। 20

8) गुणवत्ता चक्र प्रक्रिया पर एक टिप्पणी लिखिए। 20

9) सामूहिक सौदेबाजी के उद्देश्यों और प्रक्रिया पर चर्चा कीजिए। 20

10) ऐसे कई तरीके हैं, जिनके माध्यम से मानव संसाधन प्रबंधन की प्रभावशीलता का आकलन किया जा सकता है, विस्तृत कीजिए। 20